आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में लोगों से नमो ऐप के ज़रिए नया आइडिया साझा करने की अपील की है।
- परिवहन विभाग की ओर से बम्बूफ्लाट से नॉर्थ बे तक बस सेवा की शुरूआत की गई है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित करने का अनुरोध किया है।
- जूनियर हॉकी टीमों के लिए तीन अगस्त से ओपन स्टेट जूनियर हॉकी चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया। श्री मोदी ने कहा कि अगस्त–दो हजार तेईस में चंद्रयान–तीन की सफल लैंडिंग से देश में एक नया माहौल बना, और बच्चों में विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञानी बनने की जिज्ञासा जगी थी। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले, देश में अंतरिक्ष से जुड़े पचास से भी कम स्टार्ट–अप थे, जो आज दो सौ से ज़्यादा हो गए हैं। आगामी तेईस अगस्त को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से अपील की कि वे नमो ऐप के ज़रिए नया आइडिया साझा करें कि यह दिवस कैसे मनाया जाए।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नासा–इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार–निसार उपग्रह के प्रक्षेपण से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि होगी।

श्री सिंह ने बताया कि निसार मिशन तीस जुलाई को श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निसार उपग्रह न सिर्फ भारत और अमरीका बल्कि विश्व के देशों के लिए भी विशेष रूप से आपदा प्रबंधन, कृषि और जलवायु निगरानी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण डेटा प्रदान करने में सहायक होगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए पन्द्रह अगस्त तक नामांकन किया जा सकता है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पहली अप्रैल से शुरू हो गई है। ये पुरस्कार वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पहचान के पात्र बच्चों को दिए जाते हैं। पांच वर्ष से अधिक और अट्‌ठारह वर्ष से कम आयु का कोई भी बच्चा इन पुरस्कारों के लिए पात्र है।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग की ओर से बम्बूफ्लाट से नॉर्थ बे तक बस सेवा की शुरूआत की गई है। कल चुना भट्टा में आयोजित एक कार्यक्रम में, परिवहन सचिव ज्योति कुमारी, ने नॉर्थ बे के लिए पहली बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर परिवहन निदेशक जतिंदर सोहल, पंचायती राज संस्था के सदस्यों और आम जनता उपस्थित थे। परिवहन सचिव ने अपने संबोधन में विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए तटीय सड़क से होकर गुजरने वाली इस सेवा के महत्व पर जोर दिया। परिवहन निदेशक ने सभी से परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सार्वजनिक परिवहन सुविधा का उपयोग करने का आह्वान किया और सोशल मीडिया के माध्यम से द्वीपों का प्रचार करने को कहा। जिला परिषद सदस्य मरियम बीबी ने कहा कि इस सेवा से स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय जनता को लाभ होगा और इससे पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले, परिवहन उप निदेशक बी. बिनॉय ने उपस्थिति का स्वागत करते हुए द्वीपसमूह के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी प्रदान करने के प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराया। नॉर्थ बे के लिए यह बस सेवा सुबह साढ़े नौ, साढ़े ग्यारह और शाम साढ़े पांच बजे बम्बूफ्लाट बस टर्मिनल से संचालित होगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन के अंतर्गत सभी विभागों में ग्रुप–बी और ग्रुप–सी के पदों पर सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित करने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और द्वीपों के उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने कहा कि द्वीपसमूह में उच्च शिक्षा संस्थानों, औद्योगिक विकास और निजी क्षेत्र में नौकरी के अवसरों की कमी के कारण सरकारी नौकरी ही एकमात्र आजीविका का साधन है। उन्होंने प्रशासन द्वारा अड़तीस वर्ष की आयु सीमा को घटाकर सत्ताईस वर्ष करने के प्रस्तावों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अन्य राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों का हवाला देते हुए ग्रुप बी और ग्रुप सी के पदों के लिए आयु सीमा चालीस वर्ष निर्धारित करने का अनुरोध किया है। इसके अलावा द्वीपसमूह के स्थानीय निवासियों के लिए पांच वर्ष की अतिरिक्त छूट प्रदान करने का भी आग्रह किया।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा के अंतर्गत पी एम श्री सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कैम्पबेल बे में  पहचान एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। खंड परियोजना अधिकारी की ओर से आज सुबह साढ़े नौ बजे से विद्यालय के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य कैंपबेल बे ब्लॉक के सभी विद्यालयों में विकलांगता वाले बच्चों की पहचान करना और पहले से पहचान किए गए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण प्रदान करना है। लाभार्थियों को विकलांगता प्रमाण पत्र, यू डी आई डी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने को कहा गया है। NIRAMAYA –स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए राशन कार्ड साथ लाना होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का कल समापन हो गया। इस अवसर पर #VolleyTheVibe के तहत आयोजित, बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट और रस्साकशी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। समापन अवसर पर सूचना, प्रचार और पर्यटन सचिव ज्योति कुमारी, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने वॉलीबॉल और रस्साकशी की विजेता और उपविजेता टीमों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बीच वॉलीबॉल के फाइनल में, सेवा भारत की टीम आयोजित होने वाले मानसून उत्सव में लगातार आठवीं बार चैंपियन बनी।

<><><><><><><>

हॉकी अंडमान निकोबार की ओर से जूनियर हॉकी टीमों के लिए तीन और चार अगस्त को ओपन स्टेट जूनियर हॉकी चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में चयनित खिलाड़ी बारह से तेईस तक जालंधर में आयोजित होने वाली पन्द्रहवीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ले सकेंगे। इस चयन ट्रायल के लिए जूनियर हॉकी टीम एक अगस्त तक अपने नाम नेताजी स्टेडियम स्थित राज्य ओलंपिक संघ कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में आज से ग्यारह अगस्त तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुव्रा घोष और न्यायमूर्ति मोहम्मद शब्बर रशीदी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग ने द्वीपसमूह की लोक कला या जनजातीय कला के कलाकारों से तंजावुर स्थित दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की कार्यक्रम समिति के सदस्य पद के लिए नामांकन के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक कलाकार इक्कतीस जुलाई तक कला एवं संस्कृति निदेशक के पास अपनी उपलब्धियों का विवरण और बायोडाटा जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

पर्यटन विभाग की ओर से द्वीपसमूह में पक्षी अवलोकन पर विशेष व्याख्यान का आयोजन कर इको–टूरिज़्म को बढ़ावा देने के पहल के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। साथ ही अखबार में स्वयं सहायता समूह हुनर हाट मेला के आयोजन के समाचार को भी सचित्र प्रकाशित किया है। दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त ने स्वराज द्वीप में प्रमुख परियोजनाओं की समीक्षा और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया–इंफो इंडिया की खबर है।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा सावन मास की कलश यात्रा के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रमुखता देते हुए प्रथम पृष्ठ पर सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>